हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 12 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नगरीय प्रशासन की संयुक्त संचालक ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



07 भगवान लव-कुश जयंती पर निकाली शोभा यात्रा, बारिश के बीच भी...



खबर संक्षेप

गौ सम्मान अभियान को लेकर हुई बैठक

विदिशा। राष्ट्र व्यापी गौ सम्मान हस्ताक्षर अभियान को लेकर राजीव नगर स्थित श्री शिव शक्ति दरबार में गौ सेवकों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत प्रमुख कवेंद्र शर्मा उज्जैन ने की। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए देश पूज्य संतों के निर्देश पर चरणबद्ध एवं संवैधानिक तरीके से हस्ताक्षर अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। 27 दिसंबर को भोपाल जम्बूरी मैदान में गौमाता की 30 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। रहा है। बैठक में, सर्व धर्माधिकारी पं जितेंद्र शास्त्री, योगेंद्र ब्रह्मचारी, जय शर्मा, भानु प्रताप सिंह दरबार, मयंक मेहर, अभिषेक कुशवाह, शिवहरि पाठक, राम भजन तिवारी आदि मौजूद रहे।

किसानों ने दिया ज्ञापन सर्वे और मुआवजा मांगा

ग्यारसपुर। शुक्रवार को किसानों एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई है कि ग्यारसपुर तहसील एवं गुलाबगंज तहसील के अटारी खेड़ा क्षेत्र के ग्रामों में किसानों की सोयाबीन की फसल में पीला रोग लग गया है। किसानों ने 3 से 4 बार दवाई का छिड़काव किया। इसके बावजूद भी फसल को बचा नहीं पाए इल्ली फूल,फल, पत्ते को भी चट कर गई, औलिजा,मानोरा, अटारी खेजड़ा, सियासी, सीहोद, इमलावदा, देहलवाडा, करैया, धुरेरा, इंदरवास, हैदरगढ़,मदनई, सहित क्षेत्र के किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। किसानों ने मांग की है कि शीघ्र उनकी फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए अन्यथा की स्थिति में वह धरना देने एवं चक्का जाम करने की मजबूर होंगे।

वासुपूज्य मंदिर से निकली शोभायात्रा

विदिशा। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के चौथे दिन श्वेतांबर जैन समाज द्वारा वासुपूज्य मंदिर से पोथाजी अर्थात जैन शास्त्रों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा किरी मोहल्ला स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। तेज बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। समाजजन नाचते-गाते और 'अहिंसा परमो धर्म' का उद्घोष करते हुए शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर भगवान की आरती एवं मंगल दीपक की रस्म हुई, जिसकी बोली मोनजी कल्याणजी परिवार ने ली। सुबह के प्रवचन में साध्वी महाराज साहब ने संयम, करुणा और अहिंसा को विश्व शांति का आधार बताया।

आज शुरू होगा विश्वा टेक कार्यक्रम

विदिशा। एसएटीआई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर 'विश्वा टेक कार्यक्रम का आयोजन 12 से 15 सितंबर तक किया जाएगा। चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के करीब 650 से 700 विद्यार्थी शामिल होंगे। कार्यक्रम में तकनीकी प्रतियोगिताओं के साथ रोबोटिक्स, वेब3, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्टार्टअप, मुक्त स्रोत, एपीआई प्रोग्रामिंग और नवाचार जैसे विषयों पर कार्यशालाएं होंगी। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता, नवाचार और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा और समन्वयक डॉ. शिल्पी तोमर हैं।

शिविर में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

कुरवाई। शासकीय कॉलेज कुरवाई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश आनंद गौतम ने छात्र-छात्राओं को मौलिक अधिकारों एवं विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने घरेलू हिंसा, दहेज, भरण-पोषण और छेड़छाड़ से संबंधित कानूनों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक रहने की अपील की।

अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने धरपकड़ की तेज, जगह-जगह कार्रवाई

3 मामलों में करीब 63 लीटर शराब जब्त कट्टा-कारतूस सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

सागर में जहरीली शराब से मौतों के बाद विदिशा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिले में कच्ची शराब बनाने, अवैध शराब के भंडारण और बिक्री के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।



विदिशा। अवैध शराब और कट्टा कारतूस के साथ पकड़े गए आरोपी। कई जगह पुलिस ने दी दबिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सागर में जहरीली शराब से मौतों के बाद विदिशा जिले में भी अवैध शराब के संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ाई गई है।

सिविल लाइन पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में करीब 63 लीटर अवैध एवं जहरीली शराब जब्त की है। कार्रवाई में एक कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और आयुध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार 10 सितंबर को तखतमल कॉलोनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 की मोटर साइकिल पार्किंग के पास राकेश उर्फ पांवर (40) निवासी तखतमल कॉलोनी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से जरी कैन में अवैध शराब के साथ कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसके खिलाफ पूर्व में छह अपराध दर्ज हैं। 11 सितंबर को कृषि उपज मंडी के पीछे सोराई बायपास पुलिया के पास सचिन रघुवंशी (32) निवासी बंटी नगर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से सात कार्टून में 320 पाव यानी 57.600 लीटर देशी शराब बरामद हुई।

एक अन्य कार्रवाई में रेलवे संस्थान के प्लेटफार्म नंबर 4 की ओर से शिवा कुचबंदिया (20) निवासी शेरपुरा टीला के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी की जहरीली शराब जब्त की गई। तीनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं कुरवाई और करारिया चौराह थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई की। कुरवाई के बरूअल गांव में पुलिस ने 224 क्वार्टर देशी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं करारिया चौराह पुलिस ने ग्राम दुलई में कच्ची शराब बनाने के लिए रखा करीब 205 लीटर महुआ लाहन मौके पर नष्ट कराया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अवैध शराब के निर्माण और कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

मकान में छिपाकर रखी थी अवैध शराब

कुरवाई पुलिस को 9 सितंबर को सूचना मिली थी कि ग्राम बरूअल की नई बस्ती में एक व्यक्ति ने अपने मकान में अवैध शराब छिपाकर रखी है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर विनोद आदिवासी (31) को पकड़ा। मकान की तलाशी के दौरान दो बोरियों में 224 क्वार्टर देशी शराब मिली। पुलिस के अनुसार, शराब की कुल मात्रा करीब 43 लीटर और कीमत करीब 43 हजार रुपए है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है।

नाले के पास मिला 205 ली. महुआ लाहन

करारिया चौराह पुलिस को ग्राम दुलई में कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने गांव के झोरे के नाले के पास तलाश की। यहां कच्ची शराब बनाने के उपकरण और करीब 205 लीटर महुआ लाहन मिला। पुलिस ने लाहन को मौके पर ही नियमानुसार नष्ट कराया और शराब बनाने के उपकरण जब्त किए।

कुरवाई-मुंगावली मार्ग पर जीप ने बाइक को रौंदा, दो मासूम भाई-बहन की मौत



कुरवाई। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

हादसे में बच्चों के माता पिता गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

कुरवाई-मुंगावली मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे तेज रफ्तार जीप ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो मासूम सगे भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

ग्राम घोसुआ बर्री निवासी रवि पिता गंगाराम अपनी पत्नी रीना और दो बच्चों के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान मुंगावली की ओर से आ रही तेज रफ्तार जीप क्रमांक एमपी 40 सीए 1671 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में रवि के पुत्र कार्तिक और पुत्री पूनम ने ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं रवि और उनकी पत्नी रीना गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनों का उपचार जारी है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। दुर्घटनाग्रस्त जीप को जब्त कर मामला दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक बसंत शाक्य कर रहे हैं। हादसे के बाद गांव और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

एक दिवस-एक वार्ड अभियान से विदिशा को स्वच्छ बनाने की पहल

आज से वार्ड 5 से होगी अभियान की शुरुआत



विदिशा। विधायक मुकेश टंडन ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शहर को पूर्ण स्वच्छ बनाने विशुद्ध विलक्षण विदिशा अभियान की शुरुआत आज से होने जा रही है। अभियान के तहत एक दिवस-एक वार्ड की थीम पर प्रतिदिन एक वार्ड को पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 5 से होगी।

विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से चलने वाले अभियान में नपा अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पार्षद, नगरपालिका के अधिकारी एवं सफाई अमला शामिल रहेगा। प्रशासन की ओर से एसडीएम मनीष जैन मौजूद रहेंगे। साथ ही शहर के जागरूक नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत शहर के सभी 39 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर वार्डों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के साथ नागरिकों में जागरूकता और सहभागिता बढ़ाना भी है।

फसल बर्बादः कांग्रेस ने की मुआवजे की मांग

ग्यारसपुर। क्षेत्र में फसल नुकसान को लेकर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्यारसपुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एसडीएम ग्यारसपुर को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि ग्यारसपुर, हैदरगढ़, सिहोद, सियासी, दियाखेड़ा, ओलिंजा, इंदरवास सहित आसपास के गांवों में अनियमित बारिश, पीला मोजेक रोग और कीट प्रकोप से किसानों की फसलें बड़े पैमाने पर प्रभावित हुई हैं। ज्ञापन में खेतों में शीघ्र फसल क्षति सर्वे, निष्पक्ष आकलन, फसल बीमा एवं उचित मुआवजा तथा तत्काल राहत राशि देने की मांग की गई। नेताओं ने कहा कि संकट की घड़ी में सरकार को किसानों के साथ मजबूती से खड़ा होना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने किसान हित में संघर्ष जारी रखने की बात कही।

सुबह जब उपभोक्ता पहुंचे तो बैंकों में लटके मिले ताले

बैंक हड़ताल से कामकाज ठप, ग्राहक लौटे खाली हाथ, सोमवार को खुलेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अपनी कई मांगों को लेकर शुक्रवार को देशभर के सरकारी बैंक कर्मचारियों ने एक दिन की हड़ताल की। इसका असर विदिशा जिले में भी रहा। शहर की सरकारी बैंक शाखाओं में ताले लगे रहे और अधिकारी-कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे। बैंक से रुपए निकालने, जमा करने और दूसरे जरूरी काम के लिए पहुंचे ग्राहकों को वापस लौटना पड़ा।

हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बुलावे पर की गई। बैंक कर्मचारी पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू करने, यानी शनिवार और रविवार दोनों दिन छुट्टी, पेंशन अपडेट करने, वेतन से जुड़े लंबित मुद्दे हल करने, पीएलआई की खामियां दूर करने और पर्याप्त भर्ती की मांग कर रहे हैं। बैंक बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी उन ग्राहकों को हुई, जिन्हें शाखा में जाकर काम करना था। आचार्य कॉलोनी से कुछ महिलाएं कई



किलोमीटर दूर माधवगंज स्थित बैंक पहुंचीं। यहां ताला लगा मिला। बैंक बंद देखकर उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। कंचन कुशवाह ने बताया कि वह आचार्य कॉलोनी से बैंक आई थीं। उन्हें रुपयों की जरूरत थी, लेकिन बैंक बंद मिला। उन्होंने कहा कि अब मजबूरी में किसी से उधार लेना पड़ेगा, नहीं तो काम कैसे चलेगा। ग्राहकों ने बताया कि कई ऐसे काम हैं, जो ऑनलाइन बैंकिंग से नहीं हो पाते। बैंक बंद रहने से जरूरी लेनदेन और कागजी काम रुक गए।

व्यापारियों पर पड़ा असर

हड़ताल का असर व्यापारियों पर भी पड़ा। संजीव जैन ने बताया कि रोजाना बैंक से लेनदेन और सामान खरीदने के लिए पैसों की जरूरत पड़ती है। ऑनलाइन बैंकिंग की सुविधा होने के बावजूद कई काम बैंक शाखा से ही होते हैं। हड़ताल के कारण सरकारी बैंकों में नकद जमा और निकासी, चेक जमा करना और क्लियरेंस, डीडी और बैंकर्स चेक, केवाईसी अपडेट, लॉकर से जुड़े काम, लोन के कागजात और शाखा के अन्य काम प्रभावित रहे। चेक क्लियरेंस और भुगतान की प्रक्रियाओं पर भी इसका असर पड़ा। शुक्रवार की हड़ताल के बाद शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण बैंकिंग गतिविधियां लगातार तीन दिन तक प्रभावित रहेंगी।

संत नागर जी को धमकी, विदिशा में उठी सुरक्षा की मांग

विदिशा। संत कमल किशोर नागर को पत्र के माध्यम से जान से मारने की धमकी से सकल हिंदू समाज एवं वटेश्वर भागवत सेवा संस्थान व संत के अनुयाईयों में भारी आक्रोश है। शुक्रवार को कलेक्टर को आवेदन देकर मामले की गंभीरता से जांच और पत्र भेजने वाले की पहचान कर कार्रवाई की मांग की गई है। 4 सितंबर को झाबुआ जिले के



भूराडाबरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान रात्रिकालीन सत्संग कार्यक्रम था। यहां संत कमल किशोर नागर की मौजूदगी थी। वे धर्मप्रचार, गौ-संरक्षण और गौ-तस्करी जैसी गतिविधियों के खिलाफ जनजागरण से जुड़े कार्य करते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा भेंट में दी गई सामग्री के बीच एक धमकी भरा पत्र मिला। संगठन ने कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई और मुख्यमंत्री मोहन यादव से नागर जी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की गई है।

नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में आएगा उजाला

विदिशा। कमल जैन तथा अतुल जैन की माताजी सुंदर बाई जैन के निधन के बाद परिजनों ने उनका नेत्रदान किया। नेत्रदान से दो जरूरतमंद दृष्टिहीन लोगों को दृष्टि मिलगी। इस कार्य में नीता सराफ का सहयोग रहा। नेत्रदान की प्रक्रिया में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम, आई बैंक इंचार्ज डॉ. सपना रघुवंशी, नेत्र विभाग के डॉ. राकेश मीणा, डॉ. योगेश सैनी, डॉ. सुरभि एवं नर्सिंग ऑफिसर आशीष मानकर का सहयोग रहा। नीता सराफ ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज की टीम का आभार जताते हुए कहा कि नेत्रदान महान सेवा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील की।



दादा-दादी और नाना-नानी के स्नेह को समर्पित रहा ग्रैंडपेरेंट्स डे

ओलंपस हाई और लिटिल ओलंपियंस में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां, ग्रैंडपेरेंट्स ने खेलों व नृत्य में लिया उत्साह से हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ओलंपस हाई स्कूल एवं लिटिल ओलंपियंस में ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। आयोजन में बच्चों के साथ उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम प्रेम, अपनत्व और पारिवारिक मूल्यों की खूबसूरत झलक से भर गया।

लिटिल ओलंपियंस में मुख्य अतिथि वरिष्ठ रोटेरियन एवं मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग मित्र चंद्रमोहन अग्रवाल रहे। वहीं ओलंपस हाई में मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन



चेयरपर्सन डॉ. आरती शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब बेतवा विदिशा की अध्यक्ष रश्मि चंदेल रहीं। इस दौरान चेयरमैन यशपाल सिंह, डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्या प्रियंका सिंह एवं लिटिल ओलंपियंस की हेड मिस्ट्रेस अमिता असाटी मौजूद रहीं। बच्चों ने नृत्य और कविताओं के माध्यम से ग्रैंडपेरेंट्स के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। वहीं दादा-दादी व नाना-नानी ने बच्चों के साथ खेलों में हिस्सा लिया, गीत गाए, नृत्य किया और जीवन की यादें साझा कीं। चंद्रमोहन अग्रवाल ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बचने और परिवार में संवाद व समय देने पर जोर दिया। डॉ. आरती शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए वरिष्ठ पीढ़ी और बच्चों के बीच जुड़ाव को परिवार की खूबसूरत विरासत बताया। विद्यालय की ओर से ग्रैंडपेरेंट्स को तुलसी के पौधे रिटर्न गिफ्ट के रूप में भेंट किए गए। इससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कुरवाई विधायक सप्रे ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



विदिशा। कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए भाजपा 'सहयोग सेल' के अंतर्गत भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे उपस्थित रहे। विधायक हरि सिंह सप्रे ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला मंत्री राज रघुवंशी, जिला मीडिया प्रभारी राहुल जैन, मीडिया सह संयोजक जय सिंह ठाकुर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत आज

गंजबासौदा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में शनिवार को न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ अवधेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया जावेगा। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत रखे जाने वाले न्यायालयों के लंबित एवं बैंक विद्युत, नगरपालिका दूरसंचार विभाग के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के लिए अवधेश कुमार गुप्ता प्रथम जिला न्यायाधीश के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, पूजा गोले, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड कपिल देव काछी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड स्नोमारिया तिग्गा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड को सम्मिलित कर कुल 6 खंडपीठों का गठन किया गया है। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण किया जायेगा। जिसमें न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य 465 प्रकरण, बैंकों के 3107 प्रीलिटिगेशन प्रकरण, नगरपालिका के 2000 प्रीलिटिगेशन प्रकरण, विद्युत विभाग के 2975 प्रीलिटिगेशन प्रकरण एवं दूरसंचार विभाग के 200 प्रीलिटिगेशन प्रकरण सहित कुल 8933 प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे।

14 सितंबर तक बंद रहेगी डाक नीलामी

गंजबासौदा। कृषि उपज मंडी में 11 से 14 सितंबर तक लगातार चार दिनों तक डाक नीलामी का कार्य बंद रहेगा। मंडी समिति ने चार दिन की छुट्टी को देखते हुए किसानों को पहले ही इसकी सूचना मुनादी के माध्यम से दे दी गई थी। ताकि किसान इन दिनों अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचकर परेशान न हों। मंडी समिति के अनुसार 11 सितंबर को अमावस्या, 12 सितंबर को महीने का दूसरा शनिवार, 13 सितंबर को रविवार तथा 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी होने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। इन चारों दिनों में कृषि उपज की डाक नीलामी नहीं होगी। अधिकारियों का कहना है कि जानकारी के अभाव में कई बार किसान अवकाश के दिन भी अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच जाते हैं।

शिकायती आवेदन दिया

गंजबासौदा। बेहलोट निवासी धर्मेन्द्र रैकवार ने सिटी थाना प्रभारी को शिकायती आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि रात्रि के समय अज्ञात चोर ने गेट का कुंदा तोड़कर घर में रखे सोने, चांदी के आभूषण चुरा कर ले गया। जिससे हजारों रुपए का नुकसान हो गया।

नगरपालिका में राजस्व समिति की बैठक में 127 प्रकरण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



नगर पालिका परिषद में शुक्रवार को राजस्व समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्व समिति सभापति पार्षद नीलू चौबे ने की। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों से प्राप्त हुए नामांतरण के आवेदनों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद कुल 127 नामांतरण प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। वहीं कुछ प्रकरणों में दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर समिति ने संबंधित आवेदकों से दस्तावेजों की पूर्ति कराकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान सभापति नीलू चौबे ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर और पारदर्शी सेवाएं देना है। नामांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है ताकि आम नागरिकों को कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें और समय पर उनका कार्य हो सके। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्व से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता लाना जरूरी है, जिससे नगर पालिका की आय में भी वृद्धि होगी और नागरिकों का विश्वास भी बना रहेगा।

बैठक में समिति सदस्य पार्षद सरोज रघुवंशी, सतीश कटारे, भारती सरदार सिंह अहिरवार के अलावा नगर पालिका के राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निरन डे, जितेंद्र अरोरा, डेजी शर्मा, खुमान सेन आदि उपस्थित रहे।

नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेकर जताया संतोष

नगरीय प्रशासन की संयुक्त संचालक ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



शुक्रवार को नगरीय प्रशासन विभाग की संयुक्त संचालक ने नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों एवं पार्क निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पालिका द्वारा कराए गए सीसी रोड, नाली निर्माण, पार्क सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों की गुणवत्ता को बारीकी से परखा। उन्होंने निर्माण स्थलों पर उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति और तय समय-सीमा के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। संयुक्त संचालक शिखा पोरस नरवाल ने पार्क निर्माण कार्य में पौधरोपण, लाइटिंग, बेंच एवं बच्चों के खेल उपकरणों की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य शासन के मापदंडों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए और आम जनता को इनका लाभ मिलना चाहिए। संयुक्त संचालक ने ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य चल रहा है। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ अशोक वर्मा, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव, इंजीनियर मोहनी कोरी सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ अशोक वर्मा ने संयुक्त संचालक को नगर में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। संयुक्त संचालक ने कार्यों पर संतोष जताते हुए शेष बचे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका द्वारा नगर विकास को ध्यान में रखकर नगर में सौंदर्यकरण, सीसीकरण, नाला, नाली निर्माण, लाइटिंग व्यवस्था, नगर में साफ, सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सैंटएसआरएस के स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल के एवं छात्राओं की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, जन स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। बस्ती और सब्जी बाजार में की साफ-सफाई शिविर के तहत स्वयंसेवकों ने नगर की गंदी बस्ती तथा पुराने सब्जी बाजार में जाकर सघन सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने न केवल साफ-सफाई की, बल्कि स्थानीय निवासियों और व्यापारियों से साफ किए गए स्थानों पर कचरा न फेंकने की अपील भी की।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव तथा नगर पालिका के फीडबैक फाउंडेशन अधिकारी भारत कांत द्विवेदी ने भी जागरूकता रैली में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सन्देश एवं गंज बासौदा नगर को सुंदर बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर भी स्वच्छता का सन्देश दिया। प्राचार्य उमेश चंद्र यादव एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान तथा रजनी गुप्ता के निर्देशन में एक स्वच्छता रैली सैण्ट एसआरएस हायर सैकण्डरी स्कूल परिसर से बरेठ रोड होते हुए नवीन मेला ग्राउंड स्थित सब्जी मंडी तक निकाली गई। रैली के माध्यम से नगर के दुकानदारों और नागरिकों से निर्धारित स्थानों एवं नगरपालिका के कचरा वाहन में ही कचरा डालने का आग्रह किया गया। अतिथियों ने की सराहना कार्यक्रम में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव एवं अन्य वक्ताओं ने भी स्वच्छता पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये, साथ ही उन्होंने नगर की सुंदरता और स्वच्छता बढ़ाने में स्कूल के स्वयंसेवकों, नपा कर्मचारियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

श्वेतांबर समाज के पर्युषण पर्व में पालकी जी की शोभायात्रा निकाली



गंजबासौदा। पर्युषण पर्व के अन्तर्गत श्वेताम्बर जैन समाज ने मुनि धर्मघोष विजय महाराज के मार्ग दर्शन में शुक्रवार अमावस्या के दिन दोपहर में गांधी चौक स्थित श्वेतांबर जैन समाज के मंदिर से पौथाजी की शोभा यात्रा निकाली गई। समाज प्रवक्ता अशोक शाह ने बताया कि समाज के धर्म के यह पालकी जिसमें धर्म ग्रन्थ कल्पसूत्र जिनवाणी को विधिवत पूजन अर्चन करके समाज के पुरोहितों के मार्गदर्शन में मंदिर से गाजे-बाजों भजन-कीर्तन एवं जयघोषों सहित यह चाचावाली गली, चांदसी अस्पताल, सदर बाजार एवं गांधी चौक होते हुऐ निकाली गई। जिसमें समाज के अतिरिक्तं अन्य समाज के भी श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन करके स्वागत सत्कार किया गया। शोभायात्रा का समापन मंदिर परिसर के उपाश्रय भवन में हुआ।

संतुलित आहार, बेहतर स्वास्थ्य यही सुपोषण का मंत्रः भार्गव



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

सेवा भारती इकाई द्वारा सुपोषण सप्ताह के अंतर्गत नगर में जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। रैली में नगर की विभिन्न सेवा बस्तियों से आए छात्र-छात्राओं एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संतुलित आहार और सुपोषण का संदेश दिया। रैली के दौरान बताया गया कि सुपोषण का अर्थ ऐसा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन है, जो शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करे और स्वस्थ, सक्रिय व रोगमुक्त जीवन जीने में सहायता करे। उचित पोषण से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास बेहतर होता है। स्वयंसेवकों ने बताया कि अनाज शरीर को ऊर्जा देता है, दालें प्रोटीन का प्रमुख स्रोत हैं, दूध हड्डियों को मजबूत बनाता है, फल विटामिन एवं खनिज प्रदान करते हैं और स्वच्छ पानी शरीर को स्वस्थ रखता है। इस अवसर पर विदिशा-रायसेन विभाग समन्वयक राजेश भार्गव ने कहा कि संतुलित आहार स्वस्थ समाज की आधारशिला है। सभी को सुपोषण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, संतुलित आहार - बेहतर स्वास्थ्य, यही है सुपोषण का मंत्र।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने सुपोषित भारत-समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजेश माथुर, जिला सचिव मयंक टांक, जिला प्रचार प्रमुख दिनेश कंचन, सावन अग्रवाल, नगर सचिव माधव सुहाने, नगर सेवा प्रमुख रंजीत बघेल, राजीव शर्मा, अनूप शर्मा, कार्तिक प्रजापति, राष्ट्रीय सेविका समिति की मातृशक्ति एवं संस्कार केंद्र की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

अवैध और मिलावटी शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा तहसील क्षेत्र में गांव-गांव में बिक रही अवैध, मिलावटी और जहरीली शराब को लेकर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रही। ज्ञापन में बताया गया कि शासन से लाइसेंस प्राप्त शराब ठेकेदारों द्वारा अपने कर्मचारियों और छोटे दुकानदारों के माध्यम से गांव-गांव में खुलेआम नकली व मिलावटी शराब पहुंचाई जा रही है। इस शराब के सेवन से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है और युवा पीढ़ी नशे की लत में बर्बाद हो रही है। गांवों में शराब के कारण रोज लड़ाई-झगड़े और अशांति का माहौल बना हुआ है।शिवसेना ने मांग की है कि गांवों में अवैध रूप से शराब पहुंचाने वाले ठेकेदारों के लाइसेंस निरस्त किए जाएं, आबकारी विभाग की टीम द्वारा गांवों में औचक निरीक्षण कर मिलावटी शराब की जांच की जाए, दोषी ठेकेदारों और विक्रेताओं पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए और गांवों में अवैध बिक्री पर पूर्ण रोक लगाई जाए। ज्ञापन में सागर जिले के बंडा विधानसभा क्षेत्र में जहरीली शराब से 30 लोगों की मौत और 80 लोगों के बीमार होने की घटना का उल्लेख करते हुए पूरे नेटवर्क की उच्च स्तरीय जांच, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई, मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ का मुआवजा, बीमार लोगों का निशुल्क उपचार और दोषियों पर हत्या सहित कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। चेतावनी दी गई कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो शिवसेना आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान अनेक शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नालियों की साफ-सफाई न होने से बारिश का पानी गलियों में हुआ एकत्रित

बेहलोट में जलभराव से ग्रामीण परेशान, घुटने-घुटने तक भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा




जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हरदूखेड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेहलोट में गोकुलधाम धाम जाने वाले मार्ग पर पंचायत की लापरवाही के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग पर कई वर्षों पहले प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत सीसी रोड का निर्माण तो करवा दिया गया है,लेकिन निर्माण इतना घटिया क़िया गया था कि पूरा मार्ग जर्जर हो गया लेकिन दोनों तरफ नालियों ही नहीं बनाई गई है जो अस्थाई नली बनी है उसकी सफाई पर पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कभी-कभार सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति कर दी जाती है, जिससे नालियां कचरे और मिट्टी से पूरी तरह चौक हो गई हैं। शुक्रवार को हुई महज आधे घंटे की बारिश में ही सड़क पर घुटने-घुटने तक पानी भर गया। पानी निकासी का कोई रास्ता न होने से पूरा पानी सड़क पर ही जमा हो गया। इससे गोकुलधाम दर्शन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं सहित स्थानीय रहवासियों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया वाहन पानी में बंद हो गए तो पैदल चलने वालों के कपड़े भी कीचड़ से खराब हो गए।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन सरपंच और सचिव इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद नालियों की सफाई नहीं कराई जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गोकुलधाम जाने वाले मार्ग पर बनी नालियों की तत्काल जेसीबी या मजदूरों से पूरी तरह सफाई कराई जाए और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या से निजात मिल सके। ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से भी इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को नगर में सुबह से हल्की बारिश शुरु हो गई तथा दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। जिससे पाराशरी नदी एवं नालों के जल स्तर में वृद्धि हो गई, गलियों, सड़कों में पानी एकत्रित हो गया तथा मौसम में ठण्डक घुल गई।

पुण्यतिथि मनाई गई

गंजबासौदा। शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में देश के महान साहित्यकार महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि एवं साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की जयंती एवं विनोबा भावे सर्वोदय नेता की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक कैलाश नामदेव ने की। इस अवसर पर अमृतलाल झा, विजय रैकवार, सीताराम सैनी, सुनील पिंगले, सतीश कुमार शिल्पकार विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए इन महान लोगों के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथियों ने बताया कि सर्वोदय नेता का जन्म महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में हुआ उनकी माताजी का नाम रखु माई था, उन्होंने देश में एक भूदान आंदोलन चलाया। जिसमें लाखों गरीब लोगों को दान की हुई जमीन निशुल्क वितरण की गई। वहीं साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र के जीवन पर भी प्रकाश डाला। महादेवी वर्मा को उन्होंने देश का महान साहित्यकार बताया और उनको पद्म विभूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया था उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

माटी के गणेश निर्माण को लेकर कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विकासखंड के सेक्टर गमाखर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गमाखर के संयुक्त तत्वावधान में "माटी गणेश, सिद्ध गणेश" कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रेमनारायण प्रजापति ने प्रशिक्षण दिया गया ग्रामीणों महिलाओ एवं छात्रों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता कलात्मकता के साथ स्वयं गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। इस अवसर पर जिलासमन्वयक पूजा श्रीवास्तवन ने बच्चों महिलाओं से अपील की कि गणेश चतुर्थी पर अपने द्वारा बनाई गई। माटी की गणेश प्रतिमा को ही घर में स्थापित करें और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। उपस्थित बच्चों एवं ग्रामीणों को प्रतिवर्ष माटी के गणेश बनाने तथा पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव मनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी के संचालक हजारीलाल पाटस्कर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गमाखर के अध्यक्ष सुरजन सिंह रघुवंशी, सचिव मोहन सिंह रघुवंशी, लम्टूराम अहिरवार, परामर्शदाता ने मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं की पूजन अर्चन की गई उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया एवं जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को जामुन, आम, आंवला, गुलमोहर ,जामफल, गुलाब के पौधे वितरित किए गए। माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया गया।

देर तक बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। शुक्रवार को नगर में तेज हवा के साथ बारिश का दौर चलने के दौरान विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बरेठ रोड पर शासकीय एसजीएस पीजी कॉलेज के आसपास के क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद कर दिय गया। वहीं पचमा बायपास एवं बरेठ रोड पर बिजली प्रदाय बंद रहा। जिसके चलते उपभोक्ताओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

अखाड़े के पहलवानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब, भजनों पर थिरके श्रद्धालु

भगवान लव-कुश जयंती पर निकाली शोभा यात्रा, बारिश के बीच भी कायम रहा उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कुशवाह समाज द्वारा शुक्रवार को भगवान लव-कुश जयंती उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भगवान लव-कुश की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, युवा,बच्चे शामिल हुए।

शोभायात्रा में भगवान लव-कुश की आकर्षक झांकी, अखाड़े के पहलवानों का शस्त्र कौशल प्रदर्शन, डीजे एवं भजन मंडली की प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गयज्ञं दोपहर करीब 1 बजे छत्रीनाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ पर भगवान लव-कुश के स्वरूप विराजमान थे, जिनके दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा में अखाड़े का प्रदर्शन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। लव-कुश सेना अखाड़े के पहलवानों ने मार्ग में विभिन्न करतब एवं शस्त्र कौशल का प्रदर्शन किया। युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी अखाड़े में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने हुनर का प्रदर्शन किया। लाठी सहित विभिन्न पारंपरिक शस्त्रों के प्रदर्शन ने राहगीरों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। अखाड़े के करतब देखकर लोग रोमांचित नजर आए और युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

इन मार्गों से निकली शोभायात्रा

छत्रीनाका चौराहा से प्रारंभ हुई शोभायात्रा हनुमान पथ, कस्टम पथ, रामलला पथ, कठाली बाजार, मुख्य सर्राफा बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कृषि उपज मंडी स्थित माता मंदिर पहुंची। इस दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा को देखने के लिए मौजूद रहे। नगरवासियों ने जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल समाजजनों का विभिन्न स्थानों पर स्वागत भी किया गया।

भजनों की धुन पर थिरके युवा

शोभायात्रा में डीजे एवं विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ भजन मंडली द्वारा भगवान लव-कुश एवं धार्मिक भजनों की सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। शहर सहित ग्रामीण अंचलों से पहुंचे सैकड़ों युवा भजनों की धुन पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा के साथ चल रहे समाजजन धार्मिक जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

भगवान लव-कुश की आकर्षक झांकी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान लव-कुश की सुंदर एवं आकर्षक झांकी सजाई गई थी। रथ पर भगवान लव-कुश के स्वरूप विराजमान थे, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। झांकी के दर्शन के लिए मार्ग में जगह-जगह लोग खड़े नजर आए। भगवान के स्वरूप की सुंदर सजावट और शोभायात्रा की भव्यता ने सभी का मन मोह लिया। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे समाजजनों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

झमाझम बारिश में भी नहीं थमा उत्साह

शोभायात्रा के दौरान शाम करीब 4: 30 बजे अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के बावजूद समाजजनों और युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ। युवा बारिश में भी डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर झूमते हुए शोभायात्रा में आगे बढ़ते रहे। बारिश के बीच भी लोगों की श्रद्धा और उत्साह देखते ही बन रहा था। समाजजनों ने बारिश की परवाह किए बिना शोभायात्रा को निर्धारित मार्ग से आगे बढ़ाया। वही शोभायात्रा कृषि उपज मंडी स्थित माता मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां समाजजनों ने भगवान लव-कुश की पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में कुशवाह समाज के लोग उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान नगर में धार्मिक एवं उत्सव का माहौल बना रहा।

सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पहल जारी रखने का संकल्प

मां की विदाई को बनाया बदलाव की शुरुआत मृत्युभोज का त्याग कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम झुकर जोगी में स्वर्गीय कपूरी बाई की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा भावपूर्ण स्मरण के साथ सामाजिक बदलाव का संदेश भी दे गई। परिवार ने अपने पूज्य पति एवं पिता स्वर्गीय सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर कमर लाल के समय लिए गए सादगी, सामाजिक समानता और अनावश्यक खर्च से दूर रहने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बारहवीं एवं मृत्युभोज का आयोजन नहीं करने का निर्णय लिया। परिवार का कहना है कि शोक की घड़ी में किसी परिवार पर आर्थिक बोझ डालने के बजाय उसके साथ खड़ा होना ही सच्ची सामाजिक संवेदना है। श्रीमती कपूरी बाई का जीवन सादगी, संवेदना और जनसेवा की मिसाल रहा। उन्होंने महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्ष तथा ग्राम झुकर जोगी की सरपंच के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनका सार्वजनिक जीवन दिखावे और वैभव से दूर रहा। वे आम लोगों के बीच सहजता और आत्मीयता के साथ जुड़ी रहीं। विशेष रूप से दलित, पिछड़े, गरीब एवं वंचित परिवारों के दुख-दर्द में वे सदैव उनके साथ खड़ी रहीं। अन्याय के मामलों में अपनी सामर्थ्य के अनुसार आवाज उठाने और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए भी वे हमेशा तत्पर रहती थीं।

सादगीपूर्ण श्रद्धांजलि के साथ किया वृक्षारोपण

वही आयोजित श्रद्धांजलि सभा में परिजनों, रिश्तेदारों, स्नेहीजनों और ग्रामवासियों के साथ क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ कांग्रेस एवं भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि तथा अधिवक्ता शामिल हुए। सभी ने स्वर्गीय कपूरी बाई को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनकी स्मृति में वृक्षारोपण किया गया तथा गंगा पूजन कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि कपूरी बाई की स्मृति को केवल पारंपरिक रस्मों तक सीमित रखने के बजाय उनके सादगीपूर्ण जीवन, जनसेवा और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



मृत्यु के बाद परिवार पर आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं

एडवोकेट सुनील कुमार आदिवासी ने कहा कि मृत्यु के बाद शोकाकुल परिवार को सहारे, संवेदना और अपनत्व की आवश्यकता होती है, आर्थिक बोझ की नहीं। समाज में प्रचलित मृत्युभोज और अनावश्यक सामाजिक औपचारिकताओं के कारण अनेक गरीब एवं सामान्य परिवार केवल इस दबाव में कि ‘समाज क्या कहेगा, कर्ज लेने, जमीन गिरवी रखने और अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करने को मजबूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में समाज की जिम्मेदारी किसी परिवार पर बोझ बढ़ाना नहीं, बल्कि उसके दुख में साथ खड़ा होना है।

कमर लाल के संकल्प को आगे बढ़ाया

वही ब्रजेश सिंह ने कहा कि स्वर्गीय कमर लाल के समय लिया गया सादगीपूर्ण संकल्प अब श्रीमती कपूरी बाई की स्मृति में आगे बढ़ाया गया है। कपूरी बाई ने अपने जीवन में जिस सादगी, सहजता और जरूरतमंदों के प्रति संवेदना को अपनाया, उसी भावना के अनुरूप परिवार ने मृत्यु के बाद होने वाले अनावश्यक खर्च और दिखावे से दूर रहने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार का निर्णय नहीं है, बल्कि उन हजारों गरीब और सामान्य परिवारों के दर्द को समझने का प्रयास है, जो सामाजिक दबाव के कारण आर्थिक संकट में फंस जाते हैं। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय श्रीमती कपूरी बाई के सादगीपूर्ण जीवन, जनसेवा की भावना और गरीब-वंचित परिवारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनकी स्मृति में लगाए गए पौधों की तरह उनके सामाजिक मूल्यों को भी आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।


वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता राजेश सहेले का निधन



सिरोंज। वरिष्ठ समाजसेवी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश सहेले का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. राजेश सहेले लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति से जुड़े रहे और पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। वे समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में सदैव आगे रहते थे। सहज, सरल एवं मिलनसार स्वभाव के कारण नगर में विभिन्न वर्गों के लोगों से उनके आत्मीय संबंध रहे। कांग्रेस कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई और सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाते रहे। उनके आकस्मिक निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं परिचितों में शोक व्याप्त है। निधन का समाचार मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके निवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान लोगों ने स्व. सहेले के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका निधन नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

पचास से अधिक स्थानों पर होगी स्थापना

मंगल मूर्ति विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापना हेतु सजने लगे पंडाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव की नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई है। नगर में 50 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर मंगल मूर्ति विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करने झांकी पंडाल बनना सजना शुरू हो गए हैं। युवाओं की टोलियां और गणेश उत्सव समितियों के सदस्य नगर के विभिन्न हिस्सों में झांकी पंडाल सजाने बनाने सक्रिय बने हुए हैं। नगर में अनेक स्थानों पर स्थानीय और बाहर से आए मूर्तिकारो द्वारा छोटी बड़ी श्री गणेश प्रतिमाओं का आर्डर पर निर्माण किया जा रहा है। नगर में बनी प्रतिमाएं क्षेत्र के ग्रामों में भी जाती है मूर्तिकारों द्वारा प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिससे प्रतिमाएं स्थापना से पूर्व ग्रामों में पहुंच सके।

14 सितंबर को स्थापना

10 दिवसीय श्री गणेश उत्सव की शुरुआत 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी से होगी। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शुभ मुहूर्त में प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। 10 दिवसीय गणेश उत्सव में बारिश की संभावना को देखते हुए समितियां द्वारा बारिश से बचाव सुरक्षा के भी इंतजाम किए जा रहे। हैं नगर में 1954 में पहली श्री गणेश प्रतिमा स्थापित कर 10 दिवसीय गणेश उत्सव मनाने की शुरुआत हुई थी अब नगर में 50 से अधिक स्थानों पर प्रतिमा की स्थापना कर गणेश उत्सव मनाया जाता है। 25 सितंबर को अनंत चौदस पर चल समारोह प्रतिमा विसर्जन कर समापन होगा।

इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

शुक्रवार को आगामी गणेश उत्सव पर पर्यावरण एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के उद्देश्य से मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय मंडीदीप द्वारा नगर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिट्टी से पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया। अशोक कुमार भारद्वाज ने बच्चों को प्रतिमा निर्माण की विधि सिखाई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पीओपी से निर्मित प्रतिमाओं के पर्यावरण एवं जल स्त्रोतों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए मिट्टी से बनी पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमाएं अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका की ओर से राजकुमार एवं स्वच्छता निरीक्षक दिलीप कुमार, विद्यालय प्राचार्य पीसी दीवार एवं विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। बोर्ड की ओर से भगत सिंह भदौरिया, गौरव शर्मा एवं श्रीमती आशा कुमारी उपस्थित रहे।



कार्यालय नगर पालिका परिषद, विदिशा

क्रमांक/5722, 5723 to 5742, 5745/लोक निर्माण विभाग/2026 विदिशा, दिनांक 11/09/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

क्रं.	निविदा क्रं.	ई-टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	निविदा विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की समयावधि	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
1	5722	2026_UAD_535791_1	Construction work of C.C. Road at ward no 36 ahmadpur road chungi naka whine shop to bala sharma to hanuman mandir vidisha	I Call	2152336.00	16143.00	5000.00	06 months	28.09.2026
2	5723	2026_UAD _535792_1	Construction work of RCC drain at ward no 18 Taliya mohalla rajendra sharma house to radhaballabh house vidisha	II Call	472101.00	4721.00	2000.00	03 months	28.09.2026
3	5742	2026_UAD _535793_1	Construction of BT Renewal Coat at ward no 08 Ramleela Choura to phatak bale baba toppura	I Call	715428.00	7154.00	2000.00	03 months	21.09.2026
4	5743	2026_UAD _535794_1	Construction of BT Renewal Coat at ward no 15 water warks Road nadipura to police chouki main road	I Call	702244.00	7022.00	2000.00	03 months	21.09.2026
5	5744	2026_UAD _535795_1	Construction of BT Renewal Coat at ward no 23 Neemtal chouraha to old hospital	I Call	699838.00	6998.00	2000.00	03 months	21.09.2026
6	5745	2026_UAD _535796_1	Construction of BT Renewal Coat at ward no 22 Prakhar sonography to sanghmitra	I Call	710680.00	7107.00	2000.00	03 months	21.09.2026

1- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, विदिशा

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. नागौर

पंजीयन क्रमांक 188/24.03.67 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नागौर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 23.09.2026, दिन बुधवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन नागौर में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

जसवंत सिंह रघुवंशी, समिति प्रबंधक, नागौर
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, नागौर

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. पमारिया

पंजीयन क्रमांक 464/10.12.1992 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पमारिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 24.09.2026, दिन गुरूवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन पमारिया में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

कैलाश अहिरवार, समिति प्रबंधक, पमारिया
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, पमारिया

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. आमखेड़ा सूखा

पंजीयन क्रमांक 202/30.06.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति आमखेड़ा सूखा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 29.09.2026, दिन मंगलवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन आमखेड़ा सूखा में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

कमल सिंह यादव, समिति प्रबंधक, आमखेड़ा सूखा
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, आमखेड़ा सूखा

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. ताजखजूरी

पंजीयन क्रमांक 71/16.02.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति ताजखजूरी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 21.09.2026, दिन सोमवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन ताजखजूरी में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

चंद्रेश रघुवंशी, समिति प्रबंधक, ताजखजूरी
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, ताजखजूरी

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. रावन

पंजीयन क्रमांक 29/30.06.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रावन के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 23.09.2026, दिन बुधवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन रावन में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

अखिलेश शर्मा, समिति प्रबंधक, रावन
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, रावन

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. सेऊ

पंजीयन क्रमांक 24/24.03.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सेऊ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 21.09.2026, दिन सोमवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन सेऊ में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

रामचरण शर्मा, समिति प्रबंधक, सेऊ
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, सेऊ

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. नटेरन

पंजीयन क्रमांक 158/16.02.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति नटेरन के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22.09.2026, दिन मंगलवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन नटेरन में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

ग्रीष्मा वासनिक, समिति प्रबंधक, नटेरन
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, नटेरन

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. बूधौर

पंजीयन क्रमांक 36/24.03.1967 दिनांकः 05.09.2026

:: वार्षिक साधारण आमसभा ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बूधौर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 21.09.2026, दिन सोमवार को समय दोपहर 1.00 बजे समिति कार्यालय गोदाम भवन जोहद में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् 1.30 बजे होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

सुरेन्द्र सिंह राजपूत, समिति प्रबंधक, बूधौर
सुशील शर्मा, समिति प्रशासक, बूधौर

तहसील बाड़ी की तीन कृषक सेवा सहकारी समितियों में करीब 13.35 लाख का फर्जीवाड़ा

किसानों के नाम पर फर्जी पंजीयन, बाजार से सस्ती मूंग खरीदकर समर्थन मूल्य पर बेची

तीन आरोपियों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में केस दर्ज, किसानों की जमीन और बैंक खातों का भी इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में किसानों के नाम पर फर्जी पंजीयन कर बाजार से सस्ती मूंग खरीदकर सरकार को समर्थन मूल्य पर बेचने का मामला सामने आया है। जांच में करीब 13.35 लाख रुपए का अनुचित फायदा कमाने की बात सामने आने के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में कृषक सेवा सहकारी समितियों से जुड़े आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। मामला रायसेन जिला केंद्रीय सहकारी बैंक की बाड़ी शाखा क्षेत्र की कृषक सेवा सहकारी समितियों देहरीकला, भारकच्छ कला और गुलाबवाड़ा का है।

किसानों की जगह दूसरे लोगों के नाम पर जमीन का पंजीयन



मूंग पंजीयन में फर्जीवाड़ा हुआ उजागर

आरोप है कि 1 जुलाई 2024 से 26 जून 2025 के बीच मूंग उपार्जन के दौरान समिति के कंप्यूटर ऑपरेटरों की मदद से फर्जी पंजीयन कराए गए। इन पंजीयनों के माध्यम से बाजार से कम कीमत में मूंग खरीदकर समर्थन मूल्य पर बेचने का खेल किया गया। गड़बड़झाले की जांच पड़ताल में यह भी सामने आया कि फर्जी पंजीयनों के जरिए किसानों के नाम पर मूंग बेचने के लिए बाजार, व्यापारियों और बरेली मंडी से करीब 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल की दर से मूंग खरीदी गई। इसके बाद इसी मूंग को सरकार को समर्थन मूल्य पर बेच दिया गया। वर्ष 2024-25 में मूंग का समर्थन मूल्य 8,558 रुपए प्रति क्विंटल, जबकि वर्ष 2025-26 में 8,682 रुपए प्रति क्विंटल रहा। बाजार भाव और समर्थन मूल्य के बीच के अंतर का फायदा उठाकर शासन को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। जांच पड़ताल में पंजीयन में कई तरह की गड़बड़ियां भी सामने आईं। एक मामले में किसान की खसरा क्रमांक 160/3 की करीब डेढ़ एकड़ जमीन किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत दिखाकर उस पर मूंग बेच दी गई। जबकि उसी किसान ने अपनी बाकी जमीन का पंजीयन स्वयं कराया था। एक अन्य मामले में किसान की पत्नी और बहू के नाम दर्ज लगभग ढाई एकड़ जमीन का अलग-अलग लोगों के नाम पर पंजीयन करा दिया गया। इसी तरह खसरा क्रमांक 107 की करीब पौने दो एकड़ जमीन का भी फर्जी पंजीयन किए जाने की बात जांच में सामने आई।

जांच में सामने आया कि जिन किसानों के नाम पर मूंग बेचने के लिए पंजीयन कराया गया।उनमें से कई किसानों को इसकी जानकारी ही नहीं थी। आरोपियों ने कुछ किसानों की जमीन अपने या परिचितों के नाम पर पंजीकृत दिखा दी। पंजीयन पर्ची के कॉलम-5 में जहां वास्तविक जमीन मालिक या कॉलोनाइजर का नाम होना चाहिए था।वहां कथित तौर पर दूसरे नाम दर्ज कर दिए गए। जांच के दौरान किसानों से पूछताछ में कई ने पंजीयन कराने से ही इनकार किया। कुछ मामलों में किसानों की जमीन का इस्तेमाल दूसरे लोगों ने मूंग बेचने के लिए किया।

किसानों के बैंक खातों का भी इस्तेमाल

फर्जी पंजीयनों में जिन किसानों के बैंक खाते दर्ज किए गए थे। पूछताछ में उन्होंने भी इससे अनभिज्ञता जताई। किसानों ने बयान में कहा कि उन्होंने न तो किसी को सहमति दी और न ही संबंधित पंजीयन से उन्हें कोई पैसा मिला। इस हेराफेरी के मामले में रंजीत ठाकुर, श्रीराम ठाकुर और गौरव ठाकुर, निवासी बरेली, सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल में समिति के कर्मचारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों की भूमिका भी सामने आने की बात कही गई है। कोआपरेटिव बैंक रायसेन के सीईओ अजय सिंह का कहना है कि पूरे मामले में दस्तावेजों और संबंधित लेन-देन की जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बैंकों में रही हड़ताल, ग्राहक राशि निकालने चक्कर लगाते रहे



बरेली। शुक्रवार को सरकारी और सहकारी बैंकों में हड़ताल से ग्राहक हैरान परेशान बने रहे। 5 दिन बैंकिंग, पुरानी पेंशन, समान डीए, खाली पदों पर भर्ती, पेंशन अपडेट इत्यादि मांगों के लिए नगर की सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारी यूनियन के आव्हान पर हड़ताल पर जाने से बैंकों में ताले और शटर बंद बने रहे।
तीन दिन बैंक बंद- शुक्रवार को बैंकों की हड़ताल रही शनिवार और रविवार को अवकाश है। तीन दिनों तक बैंकों में लगातार कामकाज बंद और राशि जमा निकासी न होने का बोझ अब एटीएम पर बना रहेगा। 14 सितंबर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव की शुरुआत और गणेश चतुर्थी का पर्व है। इसी माह में 26 से 30 तारीख तक बैंक हड़ताल और शनिवार रविवार अवकाश के कारण 5 दिनों तक लगातार बैंक बंद रहने की स्थिति बन सकती है। काम काज, लेनदेन पर असर- 3 दिन बैंकों में कामकाज न होने से सर्वाधिक व्यापारी वर्ग परेशान रहेगा। विभिन्न बैंकिंग कार्यों के लिए ऋण लेने जमा करने राशि निकालने की परेशानियां आम उपभोक्ता और किसानो के समक्ष बनी रहेगी।

जिला सहित तहसील न्यायालयों में लगेगी नेशनल लोक अदालत आज

रायसेन। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 12 सितम्बर को वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा। जिला मुख्यालय रायसेन में 12 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा।उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण,, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामलें तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

दो घंटे बंद रहा खरगोन बाजार

संतश्री नागरजी को धमकी भरा पत्र, रैली निकालकर विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

खरगोन प्रख्यात गोसेवक एवं देश के विख्यात संतश्री पंडित कमल किशोर जी नागर को कार्यक्रम के दौरान मिले धमकी भरे पत्र के विरोध में शुक्रवार को बरेली तहसील मुख्यालय के समीप खरगोन कस्बे में सनातन समाज ने जोरदार प्रदर्शन किया। 13 सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के नेतृत्व में नागरिकों ने रैली निकालकर घटना पर आक्रोश जताया और संतश्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही धमकी देने वाले व्यक्ति अथवा संबंधित तत्वों के विरुद्ध शीघ्र जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

दोपहर में खरगोन के मुख्य बाजार स्थित श्रीहनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में सनातन धर्मप्रेमी नागरिक एकत्रित हुए। यहां से रैली के रूप में श्रीरामजानकी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालु पुलिस सहायता केंद्र की ओर रवाना हुए। रैली के दौरान श्रद्धालुओं ने संतश्री नागरजी के भजन गाकर उनके प्रति अपनी आस्था और समर्थन व्यक्त किया। पुलिस सहायता केंद्र पहुंचने के बाद नायब तहसीलदार योगेश शुक्ला को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि संत-महात्माओं को धमकी दिए जाने की घटनाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए तथा ऐसे मामलों में प्रशासन को त्वरित और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। रैली में खरगोन नगर के साथ ही आसपास के गांवों के नागरिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

दो घंटे पूरी तरह बंद रहा बाजार- संतश्री नागर के समर्थन और धमकी भरे पत्र के विरोध में खरगोन के व्यापारियों ने शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखे। विरोध का असर पूरे बाजार में दिखाई दिया। बाजार की दुकानों के साथ चाय-पान सहित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद रहे।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत देवरी में शिविर आयोजित

रायसेन। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के उदयपुरा विकासखण्ड अंतर्गत नगर परिषद देवरी में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी तथा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री पटेल, नर्मदापुरम सांसद श्री चौधरी तथा कलेक्टर द्वारा लोगों की समस्याओं, आवेदनों का निराकरण किया। शिविर में नगर परिषद अध्यक्ष रविन्द्र रघुवंशी, स्थानीय जनप्रतिनिधी, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी सहित अनेक जिला अधिकारी और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आज भगवान लवकुश की जयंती मनाएगा कुशवाहा समाज

सिलवानी। कुशवाहा समाज के आराध्य भगवान लवकुश का जन्मोत्सव कुशवाहा समाज शनिवार को श्रद्धा भक्ति के साथ मनाएगा। कार्यक्रम की भव्यता व सफलता को लेकर कुशवाहा समाज समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण की जा चुकी हैं। कुशवाहा समाज हसील अध्यक्ष बलराम कुशवाहा ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम बरेली रोड स्थित वर वधु गार्डन में आयोजित किया जाएगा। इसके पूर्व शिव मंदिर गांधी आश्रम से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंच कर समाप्त होगी। जहां पर कि कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होने समाजजनो से तय समय पर अधिक संख्या में शोभा यात्रा व अन्य कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कुशवाह समाज महिला समिति द्वारा भी घर घर जाकर संपर्क अभियान चलाया गया, ताकि महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति हो सके।

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

रायसेन/बरेली। 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को बरेली में होगी। बैठक में कार्यक्रम में अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहभागिता, उपस्थिति और यात्रा संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा कर रणनीति बनाई जाएगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सैय्यद जावेद अहमद ने बताया कि बैठक दोपहर 2 बजे होटल हेरिटेज, बायपास रोड बरेली में आयोजित होगी। बैठक में जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी शैलेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल (गड़रवास) तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुमताज खान विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल और कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के अलावा कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

बालमपुर घाटी पर तीन ट्रक फंसे, हाईवे पर लगा जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर शुक्रवार को बालमपुर घाटी में उस समय जाम की स्थिति बन गई, जब चढ़ाई पर दो ट्रक एक साथ फंस गए। इसी दौरान पहले से घाटी पर पीछे रिवर्स होते हुए रेलिंग से टकराकर रुका एक अन्य ट्रक भी वहीं खड़ा था। इस तरह एक ही स्थान पर तीन ट्रक फंसने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जानकारी के अनुसार चढ़ाई चढ़ते समय एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे। पीछे रिवर्स होते हुए ट्रक लोहे की रेलिंग से जा टकराया और रुक गया। गनीमत रही कि ट्रक रेलिंग तोड़कर करीब 20 फीट गहरी खाई में नहीं गिरा, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जाम के दौरान एक ट्रक को काफी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे नीचे उतारा गया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।



जिला अस्पताल प्रबंधन व नप की व्यवस्था पर सवाल

जिला अस्पताल में घुस रहा नाले का पानी

चार-पांच दिन से लगातार बहाव, मरीजों-अटेंडरों और वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला अस्पताल के मुख्य द्वार से पिछले चार-पांच दिनों से नगर पालिका के नाले का गंदा पानी लगातार बहते हुए अस्पताल परिसर में घुस रहा है। मेन गेट के सामने रास्ते पर पानी जमा होने और लगातार बहाव के कारण अस्पताल आने वाले मरीजों, उनके अटेंडरों के साथ दोपहिया और तीनपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि समस्या एक-दो दिन की नहीं है, बल्कि करीब एक सप्ताह से बनी हुई है।

नाले का गंदा पानी मुख्य रास्ते से होकर सीधे अस्पताल परिसर में पहुंच रहा है। ऐसे में जिला अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर गंदे पानी के बहाव से संक्रमण और स्वच्छता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रास्ते से गुजरने वाले लोगों



के कपड़े तक गंदे पानी के छींटों से खराब हो रहे हैं। मेडिकल स्टोर संचालक सत्येंद्र सिंह चौहान, दीवान सिंह गौर, पवन दुबे, लल्लू राठौर, मनोज पटेल और संजय राठौर आदि ने बताया कि बीच रास्ते से लगातार गंदा पानी बह रहा है। मुख्य द्वार से पानी अस्पताल परिसर में प्रवेश कर रहा है।लेकिन अब तक समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं।

जिला अस्पताल के आसपास लोक निर्माण विभाग के आम रास्ते की स्थिति भी बारिश के पानी के कारण खराब है। सड़क से लगातार पानी बहने के कारण कॉलोनी के रहवासियों के साथ दोपहिया और तीनपहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि सड़क से पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश के दौरान समस्या और बढ़ जाती है। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग रायसेन के बगल में एक लबालब पानी से भरे गड्ढों का मोटर पंप चलाकर पानी निकासी की जा रही है। यह पानी निकासी कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है।

इनका कहना है

मैंने नपा के स्वच्छता निरीक्षक शशिकांत मोहोड़ को जिला अस्पताल परिसर में गंदा पानी घुसने की समस्या से मौखिक और लिखित रूप से अवगत करा दिया है। इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

- **डॉ अनिल ओढ़**, सिविल सर्जन जिला अस्पताल